The Indira Gandhi National Tribal University Bill, 2007

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, it has been decided that because of heavy agenda, no lunch break is there today. I think, I have the consensus of the House on this.

SOME HON. MEMBERS: Yes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up the Indira Gandhi National Tribal University Bill, 2007.

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): Sir, I beg to move:

> "That the Bill to establish and incorporate a teaching and affiliating University at Amarkantak in the State of Madhya Pradesh to facilitate and promote avenues of higher education and research facilities for the tribal population in India and to provide for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

Sir, this is a Bill, which I have the privilege to move today because in the country we have a lot of prominence and priority to issues relating to tribes who inhabit a very large section of the area of the country. It was necessary that various issues relating to them should be dealt with at a higher academic level. Therefore, this University has been proposed to be established. It will be a central university. Since the demand for such an institution has come in from various parts of the country, it has been decided that this University will have campuses in all those areas where there is large tribal population in the States, and that would facilitate its work instead of opening separate institutions everywhere.

Sir, I would like to say one more thing. There is an amendment by an hon. Member about the name of the University. This has not yet come, but I am anticipating and saying something on it with your permission. Sir, such a University which has the focus of all tribal people and to serve them could not but have been named after Shrimati Indira Gandhi, who had a deep attachment and commitment to the cause of the tribals, in their various areas, or, responsibilities. The research part in this University will have to go into many areas which are considered to be vital by the tribal population, and, I am sure, you will see an interest being taken, in the cultural, social and in political dimensions, on the tribals of India. Therefore, I think, this is appropriate time to have this in place for the benefit of the country. Thank you.

The question was proposed.

श्री श्रीगोपाल व्यास (छत्तीसगढ़) **:** उपसभापति जी, धन्यवाद, जो आपने मुझे इतने बड़े महत्व के बिल पर विचार रखने के लिए अवसर दिए । एक प्रकार से यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जो हमने जनजातियों की आबादी के लिए,जो देश की लगभग 9-10 प्रतिशत है, उनकी उच्च शिक्षा की कुछ व्यवस्था करने और उनके शोध कार्यो की व्यवस्था करने के लिए विचार किया है । इस सीमित दृष्टि से यह अभिनंदनीय कदम है ।

महोदय, माननीय मंत्री जी, इतने वरिष्ठ नेता हैं इस देश की राजनीति में, केन्द्रीय शासन में, और आप मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री भी रहे है, हम इनका बहुत आदर करते है । पिछले दिनों से मैं देख रहा हूँ कि इस बिल को कितनी बार लिस्ट पर लाया गया और किसी कारण से यह नही आ सका, मगर आज आपने इतने कष्टपूर्वक यहां आकर इस बिल को प्रस्तुत किया है, मैं आपकी भावना का बहुत आदर करता हूँ । यह बिल भले ही देर से आया है, 'देर आयद,दुरुस्त आयद' ऐसी कहावत है, अच्छा बिल है ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री प्रशांत चटर्जी) पीठासीन हुए]

महोदय, मैं नही जानता कि इस समय इस बिल को लाने का क्या कारण है? अभी कुछ देर पहले यहां माननीय मंत्री प्रियरंजन दास मुंशी जी उपस्थित थे, जब इस यूनिवर्सिटी के लिए निर्णय लिया गया था, तो बाद

में उन्होंने पत्रकारों को संबोधित किया था। मैंने यहां के रेफरेन्स सेक्शन से इस बिल के बारे में कुछ कागजात मंगवाए, तो उसमें एक पृष्ठ ऐसा भी है, जो दिल्ली से निकलने वाले प्रसिध्द अखबार से है, जिसमें कहा गया है कि इस समय इसको लाने का कारण, जो उसकी दृष्टि है, मैं नही कह रहा हूँ, उसका अनुमान ऐसा है कि चूंकि कुछ राज्यों में चुनाव होने जा रहे है और शायद इसका लाभ मिले, क्योंकि इन क्षेत्रों में संबंधित लोगों को पिछले चुनाव में उतनी सफलता नही मिली थी। यह उसकी दृष्टि से कहा जा रहा है, जो मैं उनकी बात कह रहा हूँ। मैं नही समझता हूँ कि इस प्रकार की कोई भावना हमारे मान्यवर वरिष्ठ मंत्री जी के मन में होगी, परन्तु अखबारों में आ रही है, जिसकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित कर रहा हूँ।

महोदय, आपने इसे मध्य प्रदेश में लाने का निश्चय किया है, इसका भी स्वागत है। यदि आप इसको छत्तीसगढ़ में लाए होते, या झारखंड में लाए होते, या उडीसा में लाए होते, तब भी मैं उसका उतना ही स्वागत करता। क्योंकि अपने स्वयं इसके आब्जेक्टिव्स में कहां है कि पूर्वांचल के बाद बहुत बडी आबादी इन सारे राज्यों में रहती है। आपका कहना दुरुस्त है और इसलिए आपने इसको मध्य प्रदेश में स्थापित किया है। आपने जो स्थान चुना है, मैं उसके बारे में थोडी देर में अपने विचार रखूंगा।

आपने संशोधन का उल्लेख किया है, मुझे आशा है कि जो संशोधन मैं लाया हूं, चूंकि आपने उन पर टिप्पणी नही की है, इसलिए मैं ऐसा समझता हूं कि आपने उन्हें मना लिया है और उसमें कुछ कठिनाई भी नही है। मैंने बहुत छोटे संशोधन रखे है, यदि माननीय मंत्री जी तक वे न पहुंचे हों तो मुझे खेद है। मैं आशा करता हूं कि कोई न कोई वहां तक उन्हें पहुंचा देंगे, क्योंकि मुझे वे हिन्दी और अंग्रेजी में भी प्राप्त हो चुके है। मैं उनका बाद में उल्लेख करुंगा।

अभी मैं इसके नाम से संबंधित कुछ बातों पर अपने विचार रखना चाहता हूं। मेरी पहली चिंता ट्राइबल शब्द के उपयोग पर है। आपकी भावना सही होगी, परन्तु मुझे खेद के साथ कहना पड़ता है कि इस ट्राइबल शब्द के साथ भारत के पिछले 50, 100 वर्षो में इतनी बातें जुडी हैं, इतने प्रकार के आन्दोलन चल रहे है, उन विषयों को विश्व मंच पर ले जाने का प्रयास भी इस देश के संगठन करते रहे हैं और मैं इस समय आपको कुछ पढ़कर सुनाना चाहता हूं – "A memorandum submitted to Shri P.V. Narasimha Rao, hon. Prime Minister of India, on International activities of the Indian Council for Indigenous and Tribal Peoples abroad and at the United Nations". यह 2 जुलाई, 1992 को तत्कालीन प्रधान मंत्री, माननीय श्री नरसिंह राव जी को दिया गया memorandum है और जब मैं इसको पढ़ रहा था तो मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ कि क्या इस देश में इस प्रकार की बातें भी हो सकती हैं, ऐसे भी लोग हो सकते हैं, ऐसे भी संगठन हो सकते है, जो ऐसी बातें विश्व मंच पर ले जाते हैं। मैं उस सारे memorandum को तो नही पढ़ना चाहता हूं, परन्तु उसमें से एक पैराग्राफ मैं पढ़ रहा हूं और मुझे भरोसा है कि हमारे वरिष्ठ मंत्री जी सब कुछ जानते हैं, फिर भी मैं सदन के लाभ के लिए उसको पढ़ रहा हूं। ऐसे संगठनों ने जो युनाइटेड नेशंस में प्रेजेंटेशन दिया है, उसका एक नमूना देखिए। "Whether the Government of India would recognise us as indigenous tribal peoples or not, we know, we still survive and exist as Adivasis, as distinct people, and at this UN Working Group on Indigenous Populations, we have come to express our unity and solidarity with indigenous people all over the world in our movement for liberation of indigenous peoples".

महोदय, यह पढ़ने में तो साधारण लगता है, परन्तु यह बहुत गंभीर परिणामकारी बात है और मुझे खेद है माननीय मंत्री जी कि आज भी देश में इस प्रकार के आन्दोलन चल रहे हैं, जो ऐसी बातों को बल देते है, मुझे विश्वास है कि आप अवश्य ही इन बातों को ध्यान में रखेंगे, ताकि ऐसी बातें अपना सिर अधिक न उठा सकें।

महोदय, इसके साथ, इसी संदर्भ में ही मैं सदन के साथ एक बहुत ही अच्छी बात, एक आनन्द का समाचार भी बांटना चाहता हूं। यह जो प्रयास यहां के कुछ लोग indigenous peoples के नाम पर करते रहे, उसके साथ-साथ जो इस देश के राष्ट्रवादी आन्दोलन चलाने वाले लोग थे और यह जो memorandum मैंने आपके सामने पढ़ा है, हमारे मंत्रालय जी अच्छी तरह से जानते हैं कि पुराने मध्य प्रदेश में, अब वह छत्तीसगढ़

का हिस्सा हो गया है, एक अखिल भारतीय कल्याण आश्रम संस्था, जसपुर में बनी थी, उन्होंने ही यह memorandum तत्कालीन प्रधान मंत्री जी को दिया था । मुझे इस बात की खुशी है कि इन बातों पर विचार करके ILO में यह प्रश्न उठा था और बाद में इस प्रकार के महानुभावों ने भारत सरकार को अपनी सलाह दी, उसका समादर करते हुए भारत सरकार ने, भारत की ओर से अपना पक्ष रखा । मैं बहुत खुशी के साथ इस सदन को बताना चाहता हूं कि बहुत दिन नही हुए है, इसी वर्ष 13 सितंबर को युनाइटेड नेशंस के Declaration on the Rights of Indigenous People पर वोट पड़ा है और भारत की तरफ से जो तथ्य रखा गया था, वह मैं आपके सामने बता रहा हूं, यह हमारे लिए प्रसन्नता की बात है । उसके "India" Chapter में लिखा है कि -The text did^not contain a definition of indigenous. The entire population of India was considered to be indigenous."

माननीय सदस्यों , यह एक बहुत महत्व की बात है कि इस देश के सभी लोग यानी कि हम लोग यहां के मूल निवासी हैं । यह उस थ्योरी को तोड़-फोड़कर एक तरफ कर देता है, जो अंग्रेज़ों ने हम पर लादी कि आर्य बाहर से आए और यहां के लोगों को खदेड़ा । यूरोप के लोगों का यही अनुभव रहा है, इसलिए वे ऐसा कहते है । मैं इस सदन के माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूं कि मैंने एक साल पहले 18.12.2006 में जनजातीय मंत्री जी से यह प्रश्न पूछा था कि यह जो अंग्रेज़ों के द्वारा लादा गया शब्द है – आदिवासी, इसको हटाने के लिए सरकार क्या कर रही है? शायद उनको जरूर स्मरण होगा, उनका उत्तर भी आया था और उत्तर यह था कि हम इस विषय पर जानकारी रही है? शायद उनको जरूर स्मरण होगा, उनका उत्तर भी आया था और उत्तर यह था कि हम इस विषय पर जानकारी संग्रहित कर रहे है । एक वर्ष हो गया है, जब मैंने अपनी website देखी, तो मुझे यह पता लगा कि 18.12.2007 की तिथि इसके लिए तय हुई है, मैं आशा करता हूं कि आने वाले दिनों में मुझे इसका समाधानकारक उत्तर मिल जाएगा । इस पृष्ठभूमि में मैंने अपना पहला संशोधन प्रस्तुत किया है और मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे माननीय मंत्री जी इसको सहज ही स्वीकार कर लेंगे, क्योंकि मैंने केवल उसकी परिभाषा में कुछ जोड़ा है । उस Act में जो जनजातियां हैं, उनका उल्लेख है, किन्तु इस "tribal" शब्द से किसी प्रकार की गड़बडी न हो जाए, इसी भावना से तथा आपने जो वहां "scheduled population" की परिभाषा की है, यह लगभग उसी के समान है । मैं समझता हूं कि इसी के कारण आपने मेरे संशोधन का उल्लेख नही किया है । मैंने इतना ही कहा है कि यह जो "tribal" शब्द कहा जा रहा है, यहां पर उसका अर्थ जो भारत के संविधान में "scheduled tribes" की परिभाषा है, उसी के अंतर्गत आने वाले सदस्यों के रूप में की जाए, इतना ही मेरा वह पहला संशोधन है । मुझे भरोसा है कि आप भी इसको स्वीकार कर लेंगे, चूंकि यह बहुत सामान्य – सी बात है, केवल जिन्होंने ड्राफ्ट किया है, उनके ध्यान में यह बात नही आई होगी, इसलिए यह बात रह गई होगी ।

माननीय बंधुओं, यह जो बात युनाइटेड नेशंस के Declaration में कही गई है, हम सभी उससे पूरी तरह सहमत है । मेरा यह मानना है कि भारतीय हिंदू समाज के सभी बंधु, इसके अभिन्न अंग है और आपसे यह कहने में मुझे खुशी है कि विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अशोक सिंघल जी ने कहा है कि ये जो बंधु यहां रह रहे हैं , वे धर्म, संस्कृति और स्वतंत्रता के लिए बलिदान करने वाले लोग है, उन लोगों को स्वतंत्रता का सेनानी कहा जाना चाहिए। इन लोगों ने ऐसे ही जाकर वहां अपनी बस्तियां नही बसाई हैं । अनेक प्रकार के उदाहरण हैं, हरेक प्रांत में उदाहरण हैं, जहां इन लोगों ने वहां अपनी बस्तियां नही बसाई हैं । अनेक प्रकार के उदाहरण हैं, हरेक प्रांत में उदाहरण हैं, जहां इन लोगों ने वहां की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान दिया है । दूसरी बात नाम से संबंधित है, मैं ऐसा समझता हूं, क्योकि मुझे इसकी एक कॉपी मिल गई है और माननीय मंत्री जी ने उसका उल्लेख भी किया है । वह किनके नाम से रखा जाए,इस पर है । मान्यवर, हम लोग इन दिनों 1857 की याद में कई कार्यक्रम कर रहे हैं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): There is another Member to speak. Your Party's time is 24 minutes.

SHRI SHREEGOPAL VYAS: I hope you will allow me. As you know, I hardly get an opportunity to speak and, I believe, you will give me a few minutes more.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): I am just informing you the total allotted time to your Party, which is 24 minutes.

श्री श्रीगोपाल व्यास : हम 1857 के कार्यक्रम कर रहे है और आप मध्य प्रदेश में ही खोलने जा रहे है, तो फिर मध्य प्रदेश के कुछ नाम आपको पता भी है, वे तांतिया भील हो सकते है, वे जबलपुर के रानी दुर्गावती के अंतिम वंशज शंकर साह हो सकते हैं, रघुनाथ साह हो सकते हैं, झारखंड के बिरसा मुंडा हो सकते है, छत्तीसगढ़ के नारायण सिंह हो सकते हैं, उडीसा के सुरेन्द्र नाथ हो सकते हैं और ठक्कर बाबा को भी नही भूलना चाहिए। मान्यवर, इंदिरा जी के नाम के लिए मुझे व्यक्तिगत रूप से कुछ नही कहना है, पर यदि बंग़ला देश मुक्ति को याद करना हो तो जरूर उनको याद किया जाना चाहिए, यदि बैंक के राष्ट्रीयकरण का कोई विषय है तो उनको याद किया जाना चाहिए और भगवान न करे, यदि आपातकाल को याद करना हो तो भी उनको याद करना पड़ेगा। मैं आप पर छोड़ता हूँ, आप इन नामों पर विचार कीजिए और आप जो कुछ भी उचित समझते हैं, वह निर्णय करेंगे, ऐसा ही मुझे विश्वास है। चूंकि मैं भी मध्य प्रदेश का हूँ, बहुत पुराने समय से हूँ और जब मध्य प्रदेश के तत्कालीन और सीपी एण्ड बरार के मुख्यमंत्री रवि शंकर जी शुक्ल होते थे, तब से मुझे इन बातों की जानकारी है। महोदय, एक अन्य महत्व की बात है, वह स्थान, अमरकंटक बहुत पवित्र स्थान है, नर्मदा जी का उदगम है, किन्तु पहुंचने के लिए बहुत कठिन है। जबलपुर या पेंड्रा को छोड़कर और रोड मार्ग को छोड़कर हम वहां पहुंच नही सकते हैं। सारे देश भर से हम अपने बंधुओं को लाने के लिए सोच रहे है, हो सकता है कि यह प्रश्न बन जाएगा, आप कृपया इसका विचार जरूर करिए।

महोदय, जब यह बिल रखा जा रहा था, तब भी मैं एक –दो बातें कहना चाहता था। वही अमरकंटक से बहुत दूर नही है, गांधी जी के नाम पर चित्रकूट में एक विश्वविधालय अभी है, वह बहुत पवित्र स्थान है, वह उन दो भाइयों का मिलन है, जो इस बात के लिए बहस कर रहे थे कि राज्य तुम स्वीकार करो,मैं नही लूंगा, यह राम और भरत के मिलन का पवित्र स्थान है। संसार में इसके समान उदाहरण नही है। वहां पर एक विश्वविधालय है, गांधी जी के नाम पर है, और तो और, आप जानते ही हैं कि वहां पर स्वयं नाना जी देशमुख जिन्होंने राजनीति छोड़कर सेवा के काम में अपना जीवन लगाया, उन्होंने वहां विश्वविधालय प्रारंभ किया था और बहुत अच्छे प्रकार से वह काम भी कर रहा था। मैं सोचता हूँ कि मान्यवर मंत्री जी जो कुछ भी उत्तर देंगे, इस बात का खुलासा करेंगे। 76 करोड़ा रुपए की लागत से एक नया विश्वविधालय हम बना रहें है बारह करोड़ रुपए प्रति वर्ष खर्च होगा, तो इसका कुछ techno-economic comparison हुआ होगा, इसका भी आप खुलासा करने की कृपा करेंगे, ऐसा मेरा निवेदन है।

महोदय, मेरा दूसरा संशोधन ...(**व्यवधान**)... महोदय, एक मिनट लूंगा। दूसरा संशोधन इस बात पर है कि जो विभिन्न प्रकार के पदों की नियुक्तियों का प्रश्न है, उसकी भाषा में थोड़ा परिवर्तन करने के लिए मैंने दूसरा अमेण्डमेंट लाया है, उसमें मैंने इतना ही कहा है, ऐसा न हो कि उसमें कोई इधर से , उधर से घुसपैठ हो जाए और जिस उद्देश्य को लेकर आप ला रहे हैं, वह बन्धु पिछड़ न जाए, इसलिए मैंने कहा है as far as possible, people from Scheduled Tribes should be taken for all posts. यदि वह उतनी संख्या में नही मिलते है, तब आप बाकी लोगों का विचार करिए, इतना ही निवेदन मैंने उसमें किया है। मैं आशा करता हूँ कि दोंनो संशोधन आप मान्य कर लेंगे।

एक और बात कह कर मैं समाप्त करुंगा, वह है, आपने विभिन्न अंचलों में स्कूल खोलने की बात कही है। जब स्कूल की शिक्षा का प्रश्न आता है तो माननीय मंत्री जी, हम सिहर उठते हैं। एनसीईआरटी का जो विषय स्कूल शिक्षा के लिए चला, आज कई हाई कोर्ट में मामले चल रहे है, भगवान न करे, यदि उस प्रकार के लोग फिर से इन स्कूल शिक्षा की व्यवस्था करेंगे, मुझे भरोसा है कि आप उनको नही करने देंगे। फिर हमें वह यौन शिक्षा पढ़नी पड़ेगी, जिसके कुछ शब्दों को कहने में भी लज्जा आती है। दूसरी बात यह है कि उस यौन शिक्षा के संदर्भ में इतने प्रकार के विषय इस देश में चले हैं – ऐसी स्कूली शिक्षा का, भगवान न करे, वहां प्रबंध हो। एक और निवेदन मैं आपसे करना चाहता हूं। जब स्कूली शिक्षा की बात होती है तो माध्यम का प्रश्न आता है। आपने कला और संस्कृति की रक्षा करने की बात कही है। यह बहुत अच्छी बात है लेकिन अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से यदि उनकी पढ़ाई प्रारम्भ से होती है तो मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि यह मेरा अनुभव है कि हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता, हमारा पहनावा और हमारी भाषा - सब कुछ दांव पर लग जाता है। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि ऐसे लोग आप कृपा करके हर स्थान पर चुनिए जो इस देश की संस्कृति, इस देश की सभ्यता, इस देश के महान आदर्शों को स्थापित करने में सहायक हो। यह मेरा आपसे निवेदन है। एक बात कहकर मैं

अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं। महोदय, आपका प्रयास इतना उत्तम होने जा रहा है और नर्मदा जी के पास होने जा रहा है। भगवान करे कि आप उसमें हर स्थान पर ऐसे लोग सम्मिलित करें कि किसी फिल्म निर्माता को यह न कहना पड़े – आप मुझे क्षमा कीजिएगा, आप मुझसे उम्र और अनुभव, दोनों में बड़े हैं, मैं केवल नाम के कारण ऐसा बोल रहा हूं – इस देश में फिल्म निर्माता ऐसी फिल्म भी बनाते हैं कि राम तेरी गंगा मैली हो गयी, मैं आपसे क्षमा याचना करके कहता हूं कि उस पवित्र स्थान को यदि आप अंततः मानते ही हैं तो ऐसा नही होना चाहिए कि कोई ऐसी फिल्म बनाने के लिए बाध्य हो जाए कि हे अर्जुन, तुम्हारी नर्मदा मैली हो गयी। मैम भगवान से प्रार्थना करता हूं कि सब प्रकार से मंगलकारी निर्णय हों।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI PRASANTA CHATTERJEE): Please conclude. Twenty minutes have already passed.

श्री श्रीगोपाल व्यास : महोदय, मैं आपके कहने पर कनक्लूड कर रहा हूं। यहां लोग बहुत सारी गज़लें कहने के आदी हैं। मुझे गज़ल कहनी नही आती किन्तु मेरा सौभाग्य है कि आज मेरे सामने माननीय अर्जुन सिंह जी हैं और मेरे नाम में योगायोग से गोपाल है। मैं श्रीमद भगवत गीता – जो इस देश का राष्ट्रीय ग्रंथ है – का एक श्लोक कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा :

यत्र योगेश्वर कृष्णः यत्र पार्थो धनुर्धरः।
तत्र श्री विजयोभूतिर्ध्रुवानीतिर्मतिमम।।

सुश्री सुशीला तिरिया (उडीसा) : सर, मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया। सर, इस बिल का मैं तहे दिल से समर्थन करती हूं। मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहती हूं कि इन्होंने बहुत सोच-समझकर यह नाम रखा है – इंदिरा गांधी ट्राइबल यूनिवर्सिटी। मुझे याद है, स्वर्गीय इंदिरा जी जब उडीसा दौरे पर कोरापुट डिस्ट्रिक्ट गयी थी। ट्राइबल्स के घरों में खाना खाना, उनके साथ अपने आपको शेयर करना, नाचना-गाना – यह सब इंदिरा जी की जाति जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया था। उस वक्त हर मीडिया मे, प्रेस में यह आता था कि इंदिरा जी स्वयं कहती थी कि हो सकता है, किसी जन्म में मैं आदिवासी परिवार में पैदा हुई होऊं इसलिए आदिवासियों के प्रति मुझमें बहुत स्नेह है, उनके प्रति बहुत आदर है, उनके साथ मेरी भावना जुडी हुई है और उनके बीच रहना मुझे बहुत अच्छा लगता है – यह इंदिरा जी का कहना था। मैं मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि आप बधाई के पात्र हैं कि विश्व में जिस इंदिरा जी के नाम से हिन्दुस्तान को जाना जाता था, महिलाओं को जाना जाता था – आदिवासियों को ऊपर उठाने के लिए, उनकी तरक्की के लिए उन्होंने अपने शासनकाल में भरपूर कोशिश की – उनके नाम पर आपने इस यूनिवर्सिटी का नाम "इंदिरा गांधी ट्राइबल यूनिवर्सिटी" रखा। जैसा कि मेरे पूर्व वक्ता ने कहा, उनको कोई ऐतराज नही है, चाहे किधर भी रहे। श्री गोपाल व्यास जी से मैं इतना कहना चाहती हूं कि आदिवासियों में अपनेपन की भावना पूरे हिन्दुस्तान में है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि अलग-अलग पार्टियों में इतना राजनीतिकरण हो जाता है कि कई विषयों में अपनेपन को छोड़कर हम राजनीतिक बातें कहते है। जैसे मेरे पूर्व वक्ता ने कहा कि समय की पुकार होगी, इस बिल को लाने के लिए यह समय क्यों चुना गया? मैं उनसे यह कहना चाहती हूँ कि अगस्त महीने में कबिनेट में अप्रूवल हुआ। सोनिया गांधी जी ने बहुत पहले से इस बिल को लाने के लिए, पारित करने के लिए कोशिश की। और आखिर इस हाउस में आज यह बिल पास होने जा रहा है, तो इसके लिए मैं सोनिया जी को भी बधाई देना चाहूंगी, मंत्री जी को भी बधाई देना चाहूंगी। याह यूनिवर्सिटी इंदिरा जी के नाम से है, उसके लिए भी मैं बहुत ही धन्यवाद देना चाहूंगी। इस बिल में कुछ चीजें है जो चिंता का विषय है। इस बिल से हम लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इसमें आदिवासियों की भावनाओं का ध्यान रखा जाएगा तथा उनके लिए तरक्की के रास्ते में जो रुकावट है, उसी सिलसिले में यूनिवर्सिटी खोलने की बात की गई है इस सेंच्युअरि के जो स्टूडेंटस हैं, बच्चे हैं उसी यूनिवर्सिटी में पढ़ेंगे और रिसर्च करेंगे तथा अपने आपको समझेंगे और अपने आपको मंथन करेंगे कि क्यों हम लोग पीछे है तथा सदियों से हम लोगों को आदिवासी के नाम से क्यों जाना जाता है, हमारे बारे में यह क्यों अखबार में आता है, मैगजीन में आता है कि कभी आदिवासी बच्चा पत्ता खाता है,कभी नंगा रहता है और वे कभी आगे नही बढ़ पाते है। इस तरह से हम लोगों को पीछे ढ़केलने के लिए ऐसी न्यूज या ऐसी बातें हमारे बारे में होती है। इसलिए इसके माध्यम से उच्च शिक्षा देने की एक बात जरूर है तथा इस

यूनिवर्सिटी में जो रिसर्च की बात है वह बहुत महत्वपूर्ण बात है । मैं मंत्री जी को यह निवेदन करना चाहूंगी कि इसमें ज्यादा संख्या में आदिवासी स्टूडेंटस हों, ठीक है यह सबके लिए भी होना चाहिए क्योंकि कोई एजुकेशन संस्था किसी एक जाति या कौम के लिए नही होनी चाहिए लेकिन इसमें ज्यादा ट्राइबल स्टूडेंटस को, जो मेधावी हैं, जो इंटेलीजेंट हैं, उनको ज्यादा मौका देना चाहिए ताकि जितनी भी स्कीमज़ हम ट्राइबल के लिए लाते है उनको इम्प्लीमेंट करने के लिए वे लोग मददगार साबित हो जाएंगे । इस तरह से वे लोग अपने आप पढ़ सकते हैं कि हमारे पिछड़ेपन का क्या कारण है और कौन-सी समस्या का समाधान करके हम आगे बढ़ सकते हैं और दूसरों के साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर कैसे चल सकते है । जहां-जहां पर अच्छे रिसर्च स्टूडेंट हैं, जहां पर अच्छे स्कॉलरशिप की फैलोशिप का जो प्रावधान आपने रखा है, इस संबंध में यह निवेदन करना चाहूंगी कि जो मेरिटॉरियस स्टूडेंटस हों, अच्छी पर्सनलिटी वाले भी हों, देखने में भी अच्छे हों, उनके लिए कुछ फैलोशिप आपको देनी चाहिए । इसलिए मैं आज तक जितने स्टूडेटस से मिली हूं क्योंकि मुझे ट्राइबल स्टूडेंटस के बीच में रहने में काफी आनंद आता है, मैं आपको यह बताना चाहूंगी कि आई0आई0टी0 के कम्पटीशन में कुछ ट्राइबल स्टूडेंटस को फेल किया जाता है । क्योंकि जब कोई स्टूडेंट अच्छी पढ़ाई करता है तभी वह स्टूडेंट को इसलिए फेल किया जाता है कि वह देखने में अच्छा है, वह स्मार्ट है और अच्छा पढ़ता है तथा दूसरों के मुकाबले में अपने आपको उनके बराबरी में रखना चाहता है । आजादी के इतने साल बाद भी क्या कोई ट्राइबल स्टूडेंट अपने को दूसरों के साथ बराबरी में नही रख सकता? दूसरे के साथ बराबरी रखने से जो दूसरे लोगों को जो सुपीरियरिटी कम्पलेक्स है और इनका सुपीरियरिटी कम्पलेक्स पूरा करने के लिए कमियां आ जाती हैं तो उनको फेल किया जाता है । इसलिए मैं आपको निवेदन करना चाहूंगी कि जो स्टूडेंट अच्छा पढ़ता है, उसकी अच्छी पर्सनलिटी भी है, उसके लिए भी कुछ अवार्ड देना चाहिए, प्राइज देना चाहिए ताकि उसको एन्करेज किया जा सकें । सर, इसमें मैं दो-तीन अन्य मुद्दों पर भी आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगी कि इसमें यूनिवर्सिटी के अंदर रेजीडेंशियल हॉस्टल है, रेजीडेंशियल स्कूल है । लेकिन मैं आपसे एक निवेदन गर्ल स्टूडेंटस के लिए करना चाहूंगी और एक – दो पाइंटस आपके समक्ष रखना चाहूंगी । यूनिवर्सिटी कैम्पस के अंदर गर्ल स्टूडेंटस के लिए स्पेशली हॉस्टल रहना चाहिए । आपके बिल में हॉस्टल के लिए तो प्रॉविजन है, लेकिन गर्ल स्टूडेंटस की सेफ्टी, सिक्योरिटी को सामने रखते हुए, उनके लिए कैम्पस के अंदर हॉस्टल बनाना चाहिए ।

सर, गर्ल स्टूडेंटस का ड्राप-आउट बहुत ज्यादा है । ट्राइबल गर्ल स्टूडेंटस के ड्राप-आउट की वजह से एजुकेशन की जो रेश्यों है, वह केवल 3.4 परसेंट है । सर, जहां पर जनरल एजुकेशन टेन परसेंट है, वहीं गर्ल्स स्टूडेंटस का केवल 3.4 परसेंट है । आपका यह यूनिवर्सिटी बनाने का महत्वपूर्ण बिल है । छत्तीसगढ़, झारखंड, उडीसा, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र, जहां पर ट्रायबल्स ज्यादा रहते है, उन्हीं को लेकर, उन्हीं की सुविधा के लिए, उनके क्षेत्र की एजुकेशन को बढाने के लिए आप इसको खोलने जा रहे है । इसीलिए मैं निवेदन करना चाहूंगी कि ट्रायबल संस्कृति को, ट्रेडिशन को, मेडिसन को आप रिसर्च में लाना चाहते है और फॉरेस्ट में वे लोग कैसे बचेंगे । वे लोग फॉरेस्ट इलाके में कैसे जीवन निर्वाह करेंगे । इन सारी चीजों को देखते हुए, आप इसको दृष्टिकोण में रखकर आगे बढ़ाइये । मैं यह कहना चाहूंगी कि ट्राइबल्स की भी एक संस्कृति है, एक ट्रेडिशन है, एक कल्चर है । ट्राइबल परिवार में साधारणतः महिलाओं को इम्पोर्टेंस दी जाती है । जिस घर की महिलाएं एजुकेटिड हैं, उनकी आर्थिक नीति, घर का सुधार और स्थिति या स्टेटस, आप कुछ भी बोलिए, उसमें सुधार होता है । महिलाओं की एजुकेशन को ध्यान में रखते हुए,मैं आपसे यह कहना चाहूंगी कि कैम्पस के अंदर रेजिडेंसियल हॉस्टल महिलाओं के लिए खोलना चाहिए । महिलाओं का ड्राप-आउट क्यों हो रहा है और महिलाओं की ड्राप-आउट की संख्या घटाने के लिए इसमें प्रॉविजन किया जाना चाहिए । सर, इस बिल में आपने महिलाओं को रिप्रजेंटेशन दिया है और कहा हैं कि उनको डिसीजन मेकिंग में ज्यादा महत्व दिया जायेगा, स्टाफ सलेक्शन में भी ट्रायबल लोगों को ज्यादा रिप्रजेंटेशन दिया जायेगा । सर, मुझे इस बिल में adequate percentage of represention वाली एक चीज़ ही ज्यादा समझ में नही आ पायी है । जैसे कि श्रीगोपाल व्यास जी ने कहा कि बहुत लम्बे समय से, बहुत सालों से इसकी मांग की जा रही थी । हम लोग रिजर्व क्लॉस के हैं, हमारे लिए बहुत सारी स्कीम्स सरकार बनाती रही, चाहे हमारी सरकार हो या दूसरी सरकार हो, कोई हमारा ज्यादा ध्यान रखता है, कोई हमारा कम ध्यान रखता है, परन्तु सभी ध्यान रखते हैं । सर, जिस तरह से हम लोगों को तरक्की करनी चाहिए, आगे बढ़ना चाहिए, उस तरह से हम आगे नही बढ़ पा रहे हैं । मैं यही कहूंगी कि adequate

percentage of representation in decision-making, यह चीज़ हमें थोडी कम समझ में आयी, इसीलिए मैं कहना चाहूंगी कि इसमें चाहे उन लोगों का डिसीजन ज्यादा महत्वपूर्ण हो या स्टाफ सलेक्शन के decision-making में, लेकिन इसमें इसके बारे में स्पेसिफिक मेंशन होना चाहिए। सर, यह adequate से नही चलेगा, कुछ परसेंटेज उसमे देना चाहिए कि ट्रायबल का इतना होना चाहिए ।

सर, आपने कुछ रीजनल सेंटर्स की भी बात कही है । हर राज्य में, जहां पर ट्रायबल लोगों की ज्यादा पापुलेशन है, वहां पर रीजनल सेंटर्स खोले जायेंगे और रीजनल सेंटर के अंदर एक आइडियल स्कूल भी रहेगा । सर, रीजनल सेंटर्स के संबंध में, मैं एक निवेदन करना चाहूंगी, आपसे एक आग्रह करना चाहूंगी और यह मेरा सुझाव है कि ट्रायबल क्षेत्र में जिसने ट्रायबल के लिए ज्यादा काम किया हो, ट्रायबल नेता हो, चाहे किसी भी पार्टी का हो या कोई ट्रायबल का फ्रीडम फाइटर हो, उनके नाम से या कोई नेता जिसने ट्रायबल्स के लिए ज्यादा काम किया हो, उसी के नाम से, रीजनल सेंटर का उस इलाके में नामकरण होना चाहिए ।

सर, मैं दूसरी बात यह कहना चाहूंगी कि जहां पर सेंट्रल स्कूल नही है, उडीसा में भी कुछ बैकवर्ड इलाका है, जैसे Bolangir, Koraput है और ऎसी ही कुछ जगह वेस्टर्न उडीसा में हैं, मेरा डिस्ट्रिक्ट तो ईस्टर्न उडीसा में है, मेरा डिस्ट्रिक्ट भी बैकवर्ड जरूर है, जहां पर सेंट्रल स्कूल नही है, इसके पहले भी मंत्री जी ने हाउस में जवाब दिया कि सेंट्रल स्कूल खोलेंगे । सर, मैं आपसे एक चीज़ का निवेदन करुंगी कि जहां पर सेंट्रल स्कूल नही है, आप हर जगह पर सेंट्रल स्कूल ओपन कर रहे हैं और अभी आप ट्रायबल यूनिवर्सिटी के तहत भी कुछ रीजनल सेंटर भी खोलेंगे, लेकिन जहां पर सेंट्रल स्कूल नही हैं या हैं, लेकिन thickly ट्रायबल पापुलेटिड है और डिज़र्व करते है । जैसे नॉर्थ ईस्ट में सेंट्रल स्कूल का कवरेज करीब-करीब है लेकिन अभी भी नॉर्थ ईस्ट में ट्राइबल्स के एजुकेशन की सख्त जरुरत है । मैं आपसे निवेदन करना चाहूँगी , मैं उडीसा की होने के बावजूद नॉर्थ ईस्ट के बारे में इसलिए कहना चाहूँगी कि असम और नॉर्थ ईस्ट में भी ट्राइबल्स की पॉपुलेशन कुछ कम नही है । आपने सेंट्रल स्कूल तो एक स्कीम के तहत दी है, ट्राइबल यूनिवर्सिटी के तहत भी आप जो रीजनल कॉलेजेज़ खोलने जाएंगे, उसमें आप जहाँ है, तो कृपया आप उधर भी कुछ रीजनल सेंटर्स खोलने की कोशिश करेंगे । मैं आपसे यह निवेदन जरूर करूंगी ।

सर, आखिर मे मैं ज्यादा न कहते हुए एक-दो चीज़ें कहना चाहूँगी । चाहे रीजनल सेंटर्स हों, चाहे सेंट्रल स्कूल्स हों, ट्राइबल इलाके में कुछ ऎसी ट्रेडिशंस हैं, जिसकी वजह से आज वहाँ drop-out ज्यादा है, क्योंकि बच्चियों को 8-9-10 साल के बाद घरेलू कार्यो में ज्यादा involve किया जाता है । अभी भी उन्हें स्कूल कॉलेजों में पढ़ाने की कोशिश नही की जाती । कुछ परसेंटेज है, ऎसे इलाके हैं, जहाँ अभी गार्जियन उनको पढ़ने के लिए दूर-दराज के स्कूल में भेजते हैं, लेकिन ट्राइबल की ट्रेडिशन में यह जरुर है कि लड़कियों के बड़े हो जाने के बाद अभी भी वे उन्हें स्कूल-कॉलेज ज्यादा नही भेजते । सर, मैं आपसे निवेदन करना चाहूँगी कि वे लोग को-ऑपरेटिव तरीके से कुछ स्वास्थ्य की ,कुछ शिक्षा की, कुछ इस तरह से प्रगति की इच्छा प्रकट कर रहे है । जैसे आप अभी रीजनल सेंटर्स खोलेंगे, लेकिन किसी शहर में खोलेंगे । हो सकता है कि उधर ट्राइबल्स की रिप्रिजेटेशन ज्यादा न हो पाए । जहाँ पर ज्यादा ट्राइबल लोग रहते हैं, हो सकता है, उधर महिलाओं और बैकवर्ड, जो लड़के-लड़कियाँ, स्टूडेंटस स्कूल-कॉलेज में नही जा पा रहे है, उनका रिप्रिजेंटेशन ज्यादा हो पाए । लेकिन उधर रुकावटें आ रही हैं । जहाँ पर ट्राइबल्स thickly populated हैं, उधर ट्राइबल्स की ज्यादा जमीन है, वह या तो फॉरेस्ट लैंड है या तो गोचर है । उधर आपने जो कानून बनाया है, उस कानून के तहत ट्राइबल की जो जमीन है, न तो कोई बेच सकता है, न खरीद सकता है । सर, इसमें चीज़ की जा सकती है कि को-ऑपरेटिव या हेल्थ के लिए या किसी अच्छे फ्यूचर एक्शन प्लान के लिए, डेवलपमेंट के लिए किसी किस्म से कोई ट्राइबल co-operative way में donate करना चाहे, तो उसे जमीन का donation देने का अधिकार होना चाहिए । जैसे कि मान लीजिए आप स्कूल खोलना चाहेंगे, उस स्कूल को ट्राइबल के पास donate करना चाहेंगे । कुछ-कुछ ट्रायबल्स के पास बहुत सारी जमीन है । जिनके पास ज्यादा जमीन है, उन्हें इस तरह से donation देने का प्रावधान किया जाए कि वे donation दे सकें, not for sale, but for better action plan, education and future co-operative development . मैं आपके सामने इसे निवेदन के तौर पर रखना चाहूँगी ।

सर, मैं ज्यादा न कहते हुए केवल इतना कहूँगी कि आप बहुत दिनों के बाद, बहुत कोशिश करने के बाद इसे यहाँ लाए है । हर हफ्ते बिजनेस में यह चर्चा के लिए आ जाता है, लेकिन यह चर्चा में शामिल नही हो पाता है । आज चर्चा हुई है यह विधेयक पास भी हो जाएगा । मैं आपको मुबारकबाद देने के साथ ही साथ एक बात जरूर करूंगी । सर, टीआरडब्ल्यू और आईटीडीए संस्थाएँ, जो सदियों से चली आ रही हैं, वे ट्राइबल इलाके में ट्राइबल लोगों के लिए काम कर रही हैं । इस यूनिवर्सिटी का मकसद टीआरडब्ल्यू और आईटीडीए की तरह नही होना चाहिए । इस यूनिवर्सिटी का मकसद यह होना चाहिए जैसे यह आदिवासियों के दिल की धड़कन होनी चाहिए । सर, आदिवासियों को इतनी encouragement देनी चाहिए कि आदिवासी के लिए सरकार बहुत कुछ सोचती है, लेकिन हम खुद अपने लिए नही सोच रहे हैं, उनको इतना मजबूत कर दें कि वे खुद के लिए खुद सोचे और खुद तरक्की के रास्ते पर चल पड़े । आप इस बिल के मकसद में इस तरह से जान डालें । मैं अंत में आपको धन्यवाद देना चाहूँगी, मुबारकबाद देना चाहूँगी कि आपने दोबारा इन्दिरा जी के नाम से इस बिल को रखा है और पारित करने के लिए लाया है ।

श्री कमाल अख्तर (उत्तर प्रदेश) **:** उपसभाध्यक्ष जी, आपने इस महत्वपूर्ण विधेयक, "इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविधालय विधेयक, 2007" पर मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद । साथ ही साथ मैं मंत्री जी को भी धन्यवाद देता हूं कि वह इतना महत्वपूर्ण बिल लाए । यह बात मैं इसलिए भी कहना चाहता हूं कि कम से कम 60 साल की आजादी के बाद तो इस प्रकार का कोई बिल लाया गया । गोपाल जी को शंका थी, उन्होंने कहा कि लोग यह कहते हैं कि ऐसे समय पर ही इस प्रकार के बिल लाए जाते हैं, जब चुनाव होने हों । इस बात को बल इसलिए भी मिल जाता है, क्योंकि 60 साल की आजादी के बाद कम से कम 50 साल तक देश के अंदर आपकी ही सरकार रही और इतने वर्षो के बाद आपको आज इस बात का ध्यान आया कि आदिवासी जनजातियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाना है । लेकिन इसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं यह कहना चाहता हूं कि आज देश के अन्दर बहुत से ऐसे शेडयूल्ड कास्ट, शेडयूल्ड ट्राइब्स और पिछड़े लोग है, जिन्हें अच्छी शिक्षा की जरूरत है और यह दायित्व सरकार का है कि उनके लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाए ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह पूछना भी चाहता हूं कि आपने शिक्षा की व्यवस्था तो की, यह विश्वविधालय तो बनाया, लेकिन शेडयूल्ड ट्राइब्स के लिए जो बेसिक तौर पर काम किया जाना चाहिए, उस प्राइमरी एजुकेशन और माध्यमिक एजुकेशन की आपने क्या व्यवस्थाएं की है? उच्च शिक्षा के लिए आपने विश्वविधालय की स्थापना तो कर दी, विश्वविधालय बहुत से बन गए जैसे दिल्ली विश्वविधालय है, जामिया मिलिया विश्वविधालय है, अलीगढ़ विश्वविधालय है, लेकिन इस देश में बहुत से ऐसे संस्थान हैं, जहां पर आज भी रिज़र्वेशन का कोटा खाली पड़ा रहता है । वह कोटा भरा नही जाता और बाद में उसे सामान्य कैटेगरी में ट्रांस्फर करना पड़ता है । वह कोटा इसीलिए भरा नही जाता है, क्योंकि बुनियाद पर जो काम होना है, वह नही किया गया । आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक लोगों को जिस प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की जरूरत है, उसके लिए आप लोगों ने कोई खाका तैयार नही किया है । मैं आपसे गुज़ारिश करुंगा कि यह विश्वविधालय बनाने का मकसद तभी सार्थक होगा, उन लोगों को सही तौर पर इससे तभी मदद मिल पाएगी, जब आप माध्यमिक और प्राइमरी शिक्षा के लिए अपना जोर लगाएंगे ।

दूसरी चीज़, मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि आपने यह विश्वविधालय बनाया और अभी इसका मकसद भी आपने बताया कि जनजातीय और आदिवासी लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना और आगे ले जाना है । देश के अंदर इससे पहले भी दूसरे लोगों के लिए बहुत से विश्वविधालय और माइनॉरिटी इंस्टीटयूशन बने । इस संबंध में मैं आपको एक मिसाल देना चाहता हूं कि 1988 में इसी संसद के अन्दर एक बिल पास हुआ, "जामिया मिलिया विश्वविधालय" का बिल । यह मैं आपको इसलिए बताना चाहता हूं क्योंकि 1920 में,खिलाफत मूवमैंट के समय, महात्मा गांधी, हक़ीम अजमल खां, मौलाना मोहम्मद अली जौहर एवं उन हजारों आजादी के दीवानों ने इस विश्वविधालय की स्थापना की थी । उस समय उनका मक़सद अच्छे हिन्दुस्तानी बनाने का था और खास तौर पर मुसलमानों के लिए इस विश्वविधालय की स्थापना किए जाने की उनकी मंशा थी । उन्होंने एवं उनके

बानीयों ने उसे फला-फुला कर आगे बढ़ाया और जब 1988 में इस संसद के अन्दर बिल पास हुआ तो उसका माइनॉरिटी केरैक्टर खत्म कर दिया गया। जो संस्थान खास तौर से मुसलमानों के लिए बना था, उस चीज़ को ही निकाल दिया गया। यह बात मैं आपको इसलिए बताना चाहता हूं कि जब आप कोई चीज़ बनाएंगे और उसके मक़सद से भटक जाएंगे तो उस बिल को लाने का कोई लाभ नही होगा। अगर यह विधेयक आप एक जनजातीय विश्वविधालय बनाने के लिए लाए है, तो इसका लाभ उन जातियों और उन लोगों को होना भी चाहिए, जिनको इसकी जरूरत है।

अभी आपके भाषण में आपने कहा कि इन्दिरा गांधी जी के नाम पर इस बिल के नाम इसलिए रखा जाना जरूरी है क्योंकि इस वर्ग के लोगों में उनकी बडी आस्था थी और उन्होंने इस वर्ग के लोगों को बडी सेवा की थी। इस बात को मैं अवश्य मानता हूं कि इन्दिरा जी देश की बडी नेता थी और उन्होंने देश के लोगों की बडी सेवा की । माननीय मंत्री जी, मेरा आपसे अनुरोध है कि आप अपनी पार्टी में से किसी के नाम पर भी इस विश्वविधालय का नाम रखिए, हम लोगों को इस बात से कोई लेना-देना नही है, लेकिन जो मक़सद है वह पूरा होना चाहिए। आपकी पार्टी के अन्दर ऎसे और कितने नेता हुए है, जिनका अल्पसंख्यकों के लिए प्रेम रहा हो और अल्पसंख्यकों के लिए आस्था रही हो? या जिनकी दलितों में आस्था रही हो या पिछड़ों में आस्था रही हो, ऎसे बहुत से नेता आपकी पार्टी के अन्दर होंगे। मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि ऎसे लोगो को जरूर खोज लें, जिनकी अल्पसंख्यक लोगों के अन्दर भी आस्था हो। जो एक बडी रिपोर्ट है, जिस पर देश के अन्दर बहुत ढ़ोल-तमाशा है और आपके बड़े-बड़े नेता जाकर चुनावी भाषणों में कहते हैं – सच्चर कमेटी, सच्चर कमेटी। आपकी सच्चर कमेटी के अन्दर लिखा है कि मुसलमान लोग तालीम तौर पर दलितों से भी पिछड़े हैं। मैं यह बात इसलिए कहना चाहता हूँ कि वे 60 साल की आजादी के बाद भी पिछड़े हैं और आपने 50 साल राज किया, अगर वे दलितों से बदतर हुए, तो उनको पिछड़ाने के जिम्मेदार आप लोग हैं। मैं यह बात इसमें इसलिए दोहराना चाहता हूँ कि आप किसी ऎसे नेता का नाम जरूर खोज कर रखिए, जिससे कि इस हिन्दुस्तान के 18 करोड़ माइनॉरिटी लोगों को एक, दो या चार ऎसे विश्वविधालय मिल जाएँ, जिनसे उनकी तालिम का मकसद पूरा हो जाए।

मैं इन्हीं बातों के साथ इस विधेयक का समर्थन करते हुए अपनी बात खत्म करता हूँ। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

SHRI MATILAL SARKAR (Tripura): At the outset, Sir, I wholeheartedly congratulate the hon. Minister, Shri Arjun Singh, and the hon. Minister of State, for having brought forward such a laudable piece of legislation aiming at promotion of avenues of higher education — an area in which they lack the opportunities now — amongst the tribal population in India. While expressing my satisfaction over this Bill, I would also like to point out one shortcoming, Sir, on the part of the UPA Government. The main focus of the Traditional Forest Dwellers Act was the tribal people. But that Act has not yet been implemented. There hasn't been any notification even in regard to that Bill. Merely the creation of a university will not help. If their livelihood, their culture, their ways of life are not protected and preserved, mere education will not help. That is why I reiterate the demand that the Traditional Forest Dwellers Act should be implemented by the Government immediately, without any further loss of time. Sir, I think the Government must take a comprehensive view for the development of our tribal population focussing on their economy, ways of life, their culture, their means of livelihood, their education and so on. Sir, the rate of literacy amongst the tribal population is only 47.1 per cent as against the national average of 68.81 percent.

Sir, in Clause 5, it is mentioned that adequate seats shall be reserved for STs. What do we mean by 'adequate'? Though it sounds nice, I should say it is somewhat undefined. The term 'adequate' is somewhat undefined in the Bill. I would like the hon. Minister to clarify it. My demand is, the demand from my party, the Communist Party of India (Marxist) is, because it is a Tribal University, there the students will be coming from the tribal

section, they should not be denied of education. Nowhere should they be denied of education. That assurance I would like to have from the hon. Minister. When the admission percentage for the general category is about 10, in the case of STs, both boys and girls combined together, it is between three to four per cent only.

